an>

Title:Need to include Barakhamba in the Archaelogical survey of India list of monuments, in the Jalaun Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर शून्यकाल में बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर के अंतर्गत आता है, उसी में एक कोंचनगर है, कोंचनगर में एक चंदेल कालीन के समय पर बाराखम्बा चौकी की स्थापना की गई थी। जब बैरागढ़ में आल्हा-ऊदल और मलखान के साथ जब पृथ्वीराज सिंह चौहान की लड़ाई हुई थी, उसी में घायल होकर उन्होंने वहां बाराखम्बा चौकी का निर्माण किया था और उसी के सामने देवी की स्थापना की थी। आज हम उसे बड़ी माता के नाम से जानते हैं। उस बाराखम्बा में नगरपालिका के द्वारा करीब सवा एकड़ जमीन दी गई थी। परंतु कुछ एक विशेष सप्रदाय द्वारा उस जमीन को दबा लिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने दबाई हुई कुछ जगह तो छुड़वा ली है, लेकिन अन्य जगहों पर कब्रें बनाकर उस जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। यह जमीन पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आती है और पुरातत्व विभाग से उसका रख-रखाव होता है। उसे सौ रुपये रख-रखाव के लिए दिये जाते हैं। अंग्रेजों के जमाने से यह पैसा देना चला आ रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जिस जमीन पर अतिक्रमण हो गया है, उस पर स्थानीय प्रशासन ने जो अतिक्रमण हटवाया है, मैं केन्द्रीय पुरातत्व विभाग से मांग करता हूं कि उसके रख-रखाव के लिए पैसे बढ़ाये जाएं और वहां की जमीन पर जो अतिक्रमण किया गया है, उस अतिक्रमण को हटवाया जाए, जिससे कि वहां सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और हमारे चंदेल कालीन का जो बाराखम्बा चौकी अच्छी तरह से सुरक्षित रह सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhanu Pratap Singh Verma.